AUSTRALIAN COMMISSION ON SAFETY AND QUALITY IN HEALTH CARE

AUSTRALIAN HOSPITAL PATIENT EXPERIENCE QUESTION SET

D19-12888

ऑस्ट्रेलियाई अस्पताल रोगी अनुभव प्रश्न सेट

मेल और ऑनलाइन सर्वेक्षण के लिए विषय वस्तु का परिचय

हम आपको अस्पताल में उपभोक्ताओं के अनुभवों को मापने के लिए ऑस्ट्रेलिया में उपयोग के लिए बनाए गए एक रोगी सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। आपके विचार **[संगठन का नाम भरें]** और Australian Commission on Safety and Quality in Health Care (ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य देखभाल सुरक्षा और गुणवत्ता आयोग) को उन बातों की पहचान करने में सहायता देंगे, जिनके लिए हमारे रोगी देखभाल के दृष्टिकोण में सुधार की आवश्यकता है। आपकी प्रतिक्रिया से जो कुछ ज्ञात होगा, उसे **[संगठन का नाम भरें]** अपने सहकर्मी संगठनों के साथ उत्तम कार्य प्रणाली और निरंतर सुधार के लिए साझा भी कर पाएगा। प्रश्नावली को पूरा करने में लगभग **[X]** मिनट लगेंगे।

सर्वेक्षण में भाग लेकर आप सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए अपनी सहमति दे रहे/रही हैं। आपके द्वारा दी गई जानकारी गोपनीय रखी जाएगी और आपके उपचार के बारे में निर्णय लेने में इसका उपयोग नहीं किया जाएगा। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर देने में सहज महसूस नहीं करते/करती हैं, तो आप किसी भी समय अपनी भागीदारी वापस लेने के लिए स्वतंत्र हैं। सर्वेक्षण के परिणामों के बारे में सभी रिपोर्टें रोगी की व्यक्तिगत जानकारी को हटा देंगी और ये कई रोगियों के विचारों के ढाँचे को सँयुक्त रूप से दिखा सकती हैं, व्यक्तिगत प्रतिक्रियाएँ नहीं।

यदि इस प्रश्नावली को पूरा करते समय आपको कोई समस्याएँ हों या आपके पास कोई प्रश्न हों, तो कृपया **[संगठन का संपर्क और संपर्क विवरण]** को टेलीफोन से संपर्क करें।

	प्रश्न	उत्तर विकल्प
1	मेरे विचारों और चिंताओं को सुना गया	हमेशा अधिकतर कभी-कभी शायद ही कभी कभी नहीं लागू नहीं
2	मेरी व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा किया गया *[यदि उत्तर हमेशा/अधिकतर हो, तो प्र4 पर जाएँ]*	हमेशा अधिकतर कभी-कभी शायद ही कभी कभी नहीं
3	जब कोई आवश्यकता पूरी नहीं हो पाई, तो कर्मचारियों ने इसका कारण बताया	हमेशा अधिकतर कभी-कभी शायद ही कभी कभी नहीं
4	मुझे ऐसा लगा कि मेरी परवाह की गई	हमेशा अधिकतर कभी-कभी शायद ही कभी कभी नहीं
5	मुझे अपने उपचार और देखभाल के बारे में निर्णय लेने में मेरी इच्छा के अनुरूप शामिल किया गया	हमेशा अधिकतर कभी-कभी शायद ही कभी कभी नहीं
6	मुझे अपने उपचार और देखभाल के बारे में मेरी इच्छा के अनुरूप सूचित रखा गया	हमेशा अधिकतर कभी-कभी शायद ही कभी कभी नहीं

	प्रश्न	उत्तर विकल्प
7	जहाँ तक मुझे समझ है, मेरी देखभाल में शामिल कर्मचारियों ने हमेशा मेरे उपचार के बारे में एक-दूसरे से बातचीत की	हमेशा अधिकतर कभी-कभी शायद ही कभी कभी नहीं लागू नहीं
8	मुझे अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप दर्द से राहत मिली	हमेशा अधिकतर कभी-कभी शायद ही कभी कभी नहीं लागू नहीं
9	अस्पताल में मुझे अपने उपचार और देखभाल की सुरक्षा के ऊपर हमेशा विश्वास था	हमेशा अधिकतर कभी-कभी शायद ही कभी कभी नहीं
10	मुझे अपने उपचार या देखभाल के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित नुकसान या संकट का अनुभव हुआ *[यदि उत्तर नहीं है, तो प्र12 पर जाएँ]*	हाँ, शारीरिक नुकसान हाँ, भावनात्मक संकट हाँ, ये दोनों नहीं
11	मेरे नुकसान या संकट के बारे में कर्मचारियों ने मेरे साथ चर्चा की	हाँ नहीं अनिश्चित चर्चा नहीं करना चाहते थे
12	कुल मिलाकर मुझे जो उपचार और देखभाल प्राप्त हुई, उसकी गुणवत्ताः	बहुत अच्छी थी अच्छी थी औसत थी खराब थी बहुत खराब थी